समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# 2027 वर्ल्ड कप के लिए भुवनेश्वर कुमार को तैयार करे: रविचंद्रन अश्विन ने BCCI चयनकर्ताओं को दी सलाह

Sanket Morankar

Published on 01 Aug 2026



भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर **रविचंद्रन अश्विन** ने 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) और मुख्य चयनकर्ता **अजीत अगरकर** को अहम सलाह दी है। अश्विन का मानना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज **भुवनेश्वर कुमार** को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए और चयनकर्ताओं को उनसे बातचीत कर उन्हें विश्व कप के लिए तैयार करना चाहिए।

“भुवनेश्वर से संवाद करना चाहिए”

अश्विन ने कहा कि चयनकर्ताओं को भुवनेश्वर कुमार से स्पष्ट रूप से बात करनी चाहिए और उन्हें **रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी** सहित सभी प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

उन्होंने कहा, **“भुवनेश्वर कुमार कहां है ? मैं उनसे जरूर बात करूंगा। उन्हें सभी घरेलू टूर्नामेंट खेलने चाहिए ताकि दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 विश्व कप से पहले वह पूरी लय में आ सकें। मुझे लगता है कि टीम को उनकी जरूरत पड़ेगी।”**

जसप्रीत बुमराह पर अधिक निर्भरता चिंता का विषय

अश्विन का मानना है कि **जसप्रीत बुमराह** के बिना भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण उतना प्रभावी नहीं दिखता। ऐसे में अनुभव और नई गेंद से स्विंग कराने की क्षमता रखने वाले भुवनेश्वर कुमार टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

अश्विन ने खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में बांटा

2027 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अश्विन ने संभावित खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में रखा।

**‘हाँ’ (Yes) श्रेणी :**

- शुभमन गिल
- रोहित शर्मा
- विराट कोहली
- श्रेयस अय्यर
- केएल राहुल
- ईशान किशन
- हार्दिक पांड्या
- अक्षर पटेल
- कुलदीप यादव
- जसप्रीत बुमराह
- मोहम्मद सिराज
- हर्षित राणा
- **भुवनेश्वर कुमार**

**‘शायद’ (Maybe) श्रेणी :**

- यशस्वी जायसवाल
- ऋतुराज गायकवाड़
- वरुण चक्रवर्ती
- रवींद्र जडेजा
- नितीश कुमार रेड्डी
- मोहम्मद शमी
- अर्शदीप सिंह
- प्रसिद्ध कृष्णा

**‘नहीं’ (No) श्रेणी :**

- ऋषभ पंत
- वॉशिंगटन सुंदर
- संजू सैमसन
- वैभव सूर्यवंशी
- अभिषेक शर्मा
- रवि बिश्नोई
- शिवम दुबे
- प्रिंस यादव
- गुरनूर बरार

अक्टूबर 2027 में होगा विश्व कप

वनडे विश्व कप 2027 का आयोजन **अफ्रीका** में अक्टूबर 2027 से प्रस्तावित है। टूर्नामेंट में अभी एक वर्ष से अधिक समय बाकी है, लेकिन टीम संयोजन और खिलाड़ियों की तैयारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ऐसे में अश्विन की यह सलाह भारतीय टीम के

भविष्य की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.